भारत सरकार

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग

ईंधन पुनर्संसाधन प्रभाग

ट्रांबे,

मुंबई 400 085

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं.: फआरडी/टीएसएस/एदियू/ 181784 दिनांक : 26/09/2019

निविदा आमंत्रण सूचना के ब्यौरे

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य अभियंता एवं अध्यक्ष, एफआरडी, नाभिकीय पुनश्चक्रण वर्ग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ट्रांबे, मुंबई-400 085 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु उन पात्र ठेकेदारों से दो भागों (भाग 'क' तकनीकी वाणिज्यिक बोली एवं भाग 'ख'- वित्तीय बोली) में **ई-निविदाकरण** के माध्यम से ऑनलाईन मद-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनका नाम सीपीडब्ल्यूडी, एमईएस, रेल्वे, राज्य पीडब्ल्यूडी,केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक उपक्रमों/केंद्रीय स्वायत्त निकायों की अनुमोदित सूची में हो अथवा जिन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) में ऐसे महत्वपूर्ण समान कार्य करने का पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता हो ।

i)	**कार्य का नाम**	एफआरडी, एनआरजी में एडीयू बिल्डिंग के लिए वेंटिलेशन सिस्टम के सभी सामानों के साथ एमएस डक्ट और संरचनात्मक समर्थन की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।
ii)	**अनुमानित लागत**	रु. **53,00,000/-**
iii)	**बयाना राशि**	रु. 1,06,**200/-**
टिप्पणी	बयाना राशि को मूल रूप से **लेखा अधिकारी,भापअ केंद्र,मुंबई,**के नाम जारी किसी अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/पे ऑर्डर के रूप में प्रस्तुत करना होगा । बयाना राशि का एक भाग बैंक गारंटी के रूप में भी स्वीकार्य है । ऐसे मामलों में बयाना राशि का कम से कम 50% या **रु. 20 लाख**, जो भी कम हो, उपर्युक्त निर्धारित रूप में होना चाहिए एवं शेष राशि निविदा भाग 'क' के परिशिष्ट 'क' के अनुसार किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार की जा सकती है ।	
iv)	निविदा दस्तावेज का मूल्य	शून्य
(v)	निविदा प्रक्रिया शुल्क	रु. **3133**/- जिसका भुगतान इलेक्ट्रानिक मोड के माध्यम से ई-भुगतान द्वारा मैसर्स आईटीआई लिमिटेड, नई दिल्ली को जारी किया जाए (अप्रतिदेय) ।
(vi)	समाप्ति की अवधि	09 माह कैलेंडर माह मानसून अवधि सहित ।
(vii)	निविदा दस्तावेज खरीदने /डाउनलोड करने के लिए तारीख हेतु अनुरोध (एक्सेलवर्ड फ़ार्मेट/)	**03.10.2019** (10:00 बजे) से **17.10.2019** (15.00 बजे) www.tenderwizard.com/DAE **वेबसाइट पर विस्तृत एनआईटी केवल देखने के लिए वेबसाइट www.barc.gov.in पर भी उपलब्ध है ।**
(viii)	बोली-पूर्व स्पष्टीकरण की तारीख Date of Pre-bid clarification	ठेकेदारों से अनुरोध है कि दिनांक **22.10.2019** तक बोली-पूर्व शंकाएं ईमेल द्वारा भेज दें। बोली-पूर्व बैठक ध्रुव के सम्मेलन कक्ष में दिनांक **24.10.2019** को **11.00** बजे होगी । सभी शंकाओं के बोली पूर्व स्पष्टीकरण सभी ठेकेदारों को दिनांक **24.10.2019** तक ईमेल द्वारा भेज दिए जाएंगे । **बोली-पूर्व शंकाएं भेजने हेतु ईमेल :** jnsarwar@barc.gov.in
(ix)	निविदाओं के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण	**31.10.2019 (14:00** बजे तक**)**

	की अंतिम तारीख एवं समय	
(x)	निविदा दस्तावेज, निविदा प्रक्रिया शुल्क, ईएमडी की कीमत के लिए मूल दस्तावेजों की प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख	दिनांक 05.11.2019 (15:00 बजे) तक ट्रांबे, मुंबई 400 085 स्थित भापअ केंद्र के अध्यक्ष, एफआरडी, एनआरजी, ट्रांबे को नॉर्थ गेट पर मोहरबंद लिफ़ाफे में, जिस पर कार्य का नाम एवं निविदा संख्या लिखी हो, जमा किया जाए । मूल दस्तावेजों को वरीयत: व्यक्तिगत रूप में प्रस्तुत करें । इसे गेट पर लगे ड्रॉप बॉक्स में न डालें । तथापि, डाक अथवा कूरियर द्वारा भेजे गए दस्तावेजों पर भी विचार किया जाएगा यदि वे निर्धारित तारीख एवं समय के भीतर प्राप्त हो जाते हैं ।
(xi)	भाग 'क' को ऑनलाइन खोलने की तारीख एवं समय	दिनांक 06.11.2019 (11:30 बजे)
xii)	पात्र बोलीकर्ताओं की भाग-'ख' खोलने की तारीख	बाद में सूचित की जाएगी ।
xiii)	कार्यस्थल	एफआरडी, टांबे, मुंबई

सूचना, पात्रता मानदंड, शर्तें एवं अनुदेश

सूचना :

2. निविदा दस्तावेज दो भागों में अर्थात भाग 'क' (तकनीकी वाणिज्यिक बोली) एवं भाग 'ख' (कीमत बोली) में तैयार किया गया है ।

भाग 'क' में तकनीकी बोली है यथा : खंड I-ई निविदा आमंत्रण सूचना (अंग्रेजी और हिंदी भाषा में), खंड II- करार का प्रपत्र एवं ठेकेदारों के मार्ग दर्शन हेतु सामान्य नियम एवं निदेश, ज्ञापन, खंड III- ठेके की सामान्य शर्तें, अतिरिक्त शर्तें, खंड IV-निविदाकारों को विशेष अनुदेश, खंड V-तकनीकी विनिर्देश, खंड VI- टेंडर ड्राइंग्स की सूची, खंड VII- अनुसूची 'क'- (विभाग द्वारा आपूर्ति की जानेवाली सामग्रियों की अनुसूची), परिशिष्ट- 'क'- बोली प्रतिभूति (बैंक गारंटी),परिशिष्ट - 'ख' - निष्पादन प्रतिभूति के लिए बीजी बोंड का प्रपत्र, परिशिष्ट 'ग'- सुरक्षित (सेक्योर्ड) अग्रिम के लिए दस्तावेज (इंडेंचर), अनुलग्नक 'क'-कर्मचारियों एवं मशीनरी का विवरण, अनुलग्नक 'ख' – उपस्करों एवं सामग्रियों के अनुमोदित निर्माता की सूची और 'क' से 'छ' तक की अनुसूची शामिल है ।

भाग 'ख' (कीमत बोली) में अनुसूची 'ख'-प्रमात्राओं की अनुसूची है ।

भावी बोलीकर्ता या सामान्य जन उक्त दस्तावेजों के पीडीएफ फार्मेट को वेबसाइट www.tenderwizard.com/DAE पऊवि की निविदाएं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र से नि:शुल्क देख सकते हैं एवं डाउन लोड कर सकते हैं ।

निविदा में भाग लेने के लिए, भावी बोलीकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने यूज़र आईडी/पासवर्ड एवं क्लास III **डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के** साथ वेबसाइट www.tenderwizard.com/DAE के होमपेज में लॉगइन करने के बाद भाग-क-तकनीकी वाणिज्यिक शीट वाली तकनीकी वाणिज्यिक बोली, अनुलग्नक क, पूरे किए गए समान कार्यों की सूची एवं हाथ में लिए गए कार्यों की सूची और भाग 'ख'- अनुसूची 'ख' वाली वित्तीय बोली के एक्सेल फार्मेट को डाउनलोड करें । एक्सेल दस्तावेज को डाउनलोड करने के तरीके निम्नवत हैं ।

i) संप्रेषण पत्र ।
ii) फार्म 'ए' - वित्तीय सूचना ।
iii) फार्म 'बी' - अनुसूचित बैंक से बैंकर्स प्रमाणपत्र का फार्म ।
iv) फार्म 'सी'- समान प्रकार के सभी पूर्ण कार्यों के ब्योरे ।
v) फार्म 'डी'-निष्पादन के अधीन अथवा सौंपी गई परियोजनाएं ।

vi) फार्म 'ई'-समान कार्यों के लिए फार्म 'सी' एवं 'डी' में संदर्भित कार्यों की निष्पादन रिपोर्ट-स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करें ।

vii) फार्म 'एफ'- संरचना और संगठन ।

viii) फार्म 'जी'-कार्य हेतु नियुक्त किए जाने वाले तकनीकी और प्रशासनिक कार्मिकों के ब्योरे ।

ix) फार्म 'एच'- कार्य करने हेतु प्रयोग में लाई जाने वाले निर्माण संयंत्र एवं उपस्कर के ब्योरे ।

भावी बोलीकर्ता अपना यूजर आईडी/पासवर्ड और **क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट** के साथ www.tenderwizard.com/DAE वेबसाइट के होमपेज पर लाग इन करने के बाद सुपात्रता एक्सेल फार्मेट में अनुसूची- 'क' युक्त भाग-'ख' वित्तीय बोली को डाउनलोड करना होगा:

एक्सेल EXCEL/PDF दस्तावेज डाउनलोड निम्न प्रकार से डाउनलोड करें :

i. "UNAPPLIED " **बटन पर क्लिक करें ।**

ii. "REQUEST" **आईकोन (ब्लू कलर) पर क्लिक करें ।**

iii. निविदा प्रक्रिया शुल्क का ऑन लाइन भुगतान करें ।

iv. **"SUBMIT"** बटन पर क्लिक करें ।

v. **"IN PROGRESS"** बटन पर क्लिक करें ।

vi. बोलीकर्ता को स्टेटस कॉलम में **RECEIVED** की सूचना मिलेगी

vii. बोलीकर्ता **"EditAT TACHMENT"**पर क्लीक करके आवश्यक निविदा दस्तावेज प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख कितने भी बार डाउनलोड कर सकते है ।

बोलीकर्ताओं को सभी एक्सेल फार्म भरने होंगे और उनका नाम (renaming) बदले बिना दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करें । निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कृपया हेल्प मैन्युअल देखें। एनआईटी के अनुसार संप्रेषण पत्र को बोलीकर्ता अपने लेटर हेड पर कॉपी करें और स्कैन की गई कॉपी को अपलोड करें ।

बोलीकर्ताओं को पब्लिक नोटरी द्वारा साक्ष्यांकित रु.100 के स्टैम्प पेपर पर निम्नलिखित फार्मेट में एक शपथ पत्र अपलोड करना है ।

"मैं/हम वचन देता हूं /देते हैं और पुष्टि करता हूं/करते हैं कि पात्र समान कार्य, बैक टू बैक आधार पर किसी अन्य ठेकेदार द्वारा निष्पादित नहीं कराया गया है । यदि इस प्रकार के उल्लंघन की सूचना विभाग को मिलती है तो मुझे/हमें भविष्य में हमेशा के लिए भापअ केंद्र के ठेके में निविदाकरण के लिए निष्कासित कर दिया जाएगा । यदि इस प्रकार के उल्लंघन की सूचना कार्य शुरू करने से पहले विभाग को प्राप्त होती है तो प्रभारी अभियता संपूर्ण बयाना राशि/निष्पादन गारंटी जब्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे" ।

कृपया निविदा प्रस्तुतीकरण हेतु हैल्प मैन्युल देखें/एनआईटी के अनुसार हेल्प डेस्क से संपर्क करें ।

निविदा दस्तावेज़- अनुभाग II, III, IV एवं V और निर्माण संरक्षा नियमावली निविदा दस्तावेज का एक भाग है जो वेबसाइट **www.tenderwizard.com/DAE**☞-डाउनलोड ☞-भापअ केंद्रदस्तावेज पर उपलब्ध है ।

इंगित निविदा विक्री अवधि के दौरान निविदा आमंत्रण प्राधिकारी के कार्यालय में केवल निरीक्षण हेतु निविदाकारों को निविदाकारों को निविदा आरेखों (अनुभाग VI) का एक संच उपलब्ध कराया जाएगा, बोलीकर्ता यदि आवश्यक हो तो स्वयं आकर आरेखों का अध्ययन कर सकते हैं और यह आरेख वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं ।

सफल बोलीकर्ता को कार्य जारी करने के पश्चात उपरोक्त सभी दस्तावेज करार का एक भाग होंगे ।

प्रारंभिक पात्रता मानदंड

3. बोलीकर्ता के पास निम्नलिखित होना चाहिए:

(ए) ठेकेदारों के समुचित वर्ग, यदि कोई है, में पंजीयन।

(बी) निविदा खुलने की तारीख से पूर्व एक वर्ष के भीतर जारी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से कम से कम रु. **21.24** *लाख* के बैंक ऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र ।

(सी) दिनांक **31 मार्च 2019** को समाप्त पिछले **3** वर्षों के दौरान सिविल निर्माण कार्य पर औसत वार्षिक वित्तीय टर्नोवर कम से कम रु. **53.10** लाख होना चाहिए । यह एक पंजीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा विधिवत लेखा परीक्षित होना चाहिए ।

(डी) **31 मार्च 2019** को समाप्त पिछले **5** वर्षों के दौरान दो वर्ष से अधिक में घाटा नहीं हुआ होना चाहिए ।

बोलीकर्ता द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले महीने से पूर्व के महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले पिछले 7 (सात) वर्षों में कम से कम प्रत्येक रु. **21.24** लाख की लागत के इसी प्रकार के **03** (तीन) कार्य या कम से कम रु. **31.86** लाख की लागत के इसी प्रकार के **02** (दो) कार्य या कम से कम रु. **42.48** लाख की लागत के इसी प्रकार का **01** (एक) कार्य संतोषजनक रूप से (कार्य के क्लायंट द्वारा निष्पादन प्रमाणपत्र पर आधारित) पूरा किया हो एक कार्य केंद्रसरकार/राज्य सरकार/केंद्र या राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/केंद्रीय स्वायत्त निकाय में पूरा किया हुआ होना चाहिए, फिर बोलीकर्ता द्वारा इसके लिए टीडीएस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

4. इस प्रयोजन हेतु “कार्य की लागत” का तात्पर्य है पूरे हुए कार्य की सकल लागत जिसमें सरकार/क्लायंट द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्रियों की लागत शामिल हैं, लेकिन इसमें नि:शुल्क आपूर्ति की गयी सामग्री शामिल नहीं होगी। इसी प्रकार के कार्य का तात्पर्य **“एमएस अवसंरचना की पेंटिंग और संविरचन, एमएस अवसंरचना कार्यों का स्थापन।”** समान कार्य भारत में निष्पादित किया गया हो ।

5. निविदा दस्तावेज खरीदने/डाउनलोड करने के लिए अनुरोध हेतु निष्पादित कार्य के मूल्य को 7% प्रति वर्ष की सामान्य दर पर कार्य की वास्तविक मूल्य में वृद्धि करते हुए वर्तमान लागत स्तर तक लाया जाएगा जिसका परिकलन पूर्णता की तारीख से निविदाओं के लिए आवेदन प्राप्ति की आखिरी तारीख तक किया जाएगा ।

6. ठेकेदार की बोली क्षमता निविदा में दिए गए कार्य की अनुमानित लागत के समतुल्य या उससे अधिक होनी चाहिए । बोली क्षमता का हल निम्नलिखित सूत्र द्वारा निकाला जाएगा ।

बोली क्षमता = $[A \times N \times 2] - B$

जहां

A = पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी भी एक वर्ष में निर्माण कार्यों में निष्पादित कार्यों का मूल्य जिसमें पूर्ण कार्य तथा प्रगति पर कार्य दोनों को ध्यान में रखा जाएगा । पुरे किए गए कार्यों के मूल्य को 7% की वार्षिक सामान्य दर पर बढाते हुए वर्तमान लागत पर लाना होगा |

N = जिस कार्य के लिए बोली आमंत्रित की गई है उसकी पूर्णता के लिए निर्धारित वर्ष की संख्या ।

B = विघमान प्रतिबद्धताओं एवं जिस कार्य के लिए बोली आमंत्रित की गई है उसकी पूर्णता की अवधि के दौरान पूर्ण होने वाले चालू कार्यों का मूल्य ।

7. **बोलीकर्ता का भारत में एक पंजीकृत फर्म होना चाहिए । संयुक्त उघम तथा /अथवा कंसोरटियुम स्वीकार्य नहीं है ।**

8. पूर्व अर्हता (पीक्यू)

8.1 भाग 'क' तकनीकी वाणिज्यिक सह पूर्व अर्हक बोलियों को सूचित किए गए निर्धारित समय एवं तारीख को खोला जाएगा। खुलने की तारीख पर, बोलीकर्ता बोली खुलने के बाद लॉगिन करके स्थिति देख सकते हैं। केवल पात्रता मानकों को पूरा करने वाले बोलीकर्ताओं का ही मूल्यांकन किया जाएगा।

निविदा का भाग-'क' (तकनीकी वाणिज्यिक बोली) खुलने के बाद अध्यक्ष, एफआरडी द्वारा एक निरीक्षण दल का निर्माण किया जाएगा जो निविदाकार के जारी कार्यों/पूरे किए गए कार्यों का चयनित कार्य स्थलों का निरीक्षण करेंगे तथा निम्नलिखित आधार पर उनका मूल्यांकन करेंगे !

(ए) वित्तीय क्षमता एवं पिछले 5 वर्षों के दौरान उनका टर्नओवर।

(बी) संबंधित कार्य के संदर्भ में कंपनी की तकनीकी क्षमताएं।

(सी) पिछले 7 वर्षों के दौरान निविदाकार द्वारा निष्पादित कार्यों का स्वरूप।

(डी) कंपनी की संगठनात्मक संरचना ।

(ई) कंपनी द्वारा संबंधित कार्य करने हेतु अपेक्षित आवश्यक संसाधन।

(एफ) समय एवं गुणवत्ता की सजगता।

(जी) असंगत दावे एवं विवाद करने की कंपनी की प्रवृत्ति ।

(एच) क्षेत्र नियोजन क्षमता।

(आई) कंपनी की कार्य को बैक टू बैक/उप किरायेदारी पर सौंपने की प्रवृत्ति

8.2 पूर्व अर्हता बोलियों का अयोग्य पाया जाना

यघपि विभाग का यह अधिकार होता है कि आवेदक द्वारा दिए गए विवरण को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करे तथा बिना कोई कारण बताएं आवेदन को अस्वीकृत कर दें तथा यदिपूर्व अर्हता मानदंडों को पूरा करने वाले अत्यधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पात्रता और आवश्यकता के अनुसार किसी भी संख्या तक सूची को प्रतिबंधित कर सकते है। पूर्व अर्हता का मूल्यांकन नीचे दी गई अंक प्रणाली के अनुसा किया जाएगा। यघपि बोलीकर्ता उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, तो भी बोलीकर्ता अपात्र घोषित कर दिए जाएंगे यदि बोलीकर्ता :

(क) बोलीकर्ता ने पूर्वक प्रपत्रोंवेज हेतु आवश्यअर्हता दस्ता -, विवरणों तथा संलग्नकों में गुमराह करने वाली, अथवा झूठे अभ्यावेदन या जानबूझकर सूचना छुपाई है अथवा पर्याप्त सूचना प्रस्तुत नहीं की है।

(ख) बोलीकर्ता का घटिया कार्य निष्पादन जैसे कार्य छोड़ देना, ठेका संतोषजनक पूरा न करना अथवा वित्तीय घाटा कमजोरियां / इ त्यादि का रिकार्ड है।

8.3 वित्तीय सूचना

बोलीकर्ता को निम्नलिखित वित्तीय सूचना देनी होगी।

पिछले पांच वर्षों के लिए वार्षिक वित्तीय विवरण **फार्म 'क' में**

निर्धारित फार्म **'ख'** में बैंक से समाशोधन प्रमाणपत्र

8.4 समान कार्यों में अनुभव

8.4.1 आवेदक को निम्नलिखित प्रस्तुत करना चाहिए :

(क) पिछले सात वर्षों के दौरान सफलतापूर्वक पूरे किए गए समान श्रेणी के सभी कार्यों की सूची (**फार्म 'सी'** में)

(ख)निर्माणाधीन या पुरस्कृत की गई सभी परियोजनाओं की सूची (**प्रपत्र 'डी' में**)

8.4.2 प्रत्येक पूरे किए गए कार्य अथवा किए जा रहे कार्य हेतु (**प्रपत्र 'ई' में**) तथा अपलोड का विवरण कार्यपालक इंजीनियर या समतुल्य पद के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से अधिप्रमाणित किए जाने चाहिए।

8.5 संस्थान संबंधी जानकारी

बोलीकर्ता को अपने संस्थान की जानकारी (**प्रपत्र 'एफ' और 'जी'**) में प्रस्तुत करनी होगी।

(ए) नाम एवं डाक पता, जिसमें टेलीफोन, फैक्स नंबर, ई-मेल पता इत्यादि भी लिखा हुआ हो।

(बी) कानूनी स्थिति पंजीकरण का स्थान तथा कारोबार के प्रमुख स्थानों का ब्योरा देने वाले मूल दस्तावेजों की प्रतियां।

(सी) कार्य से संबंधित निदेशकों तथा अधिकारियों के नाम तथा पता एवं व्यक्तियों के पदनाम जिन्हें संस्थान में कार्य करने हेतु प्राधिकृत किया गया है।

(डी) किसी मुकदमे की जानकारी जिसमें पिछले सात वर्षों में आवेदक शामिल था तथा वर्तमान में कोई मुकदमा जिसमें वह शामिल है।

(ई) विस्तृत संदर्भ हेतु नियोक्ता का प्राधिकरण ।

(एफ) मूल कंपनी में सहायक कंपनी में तकनीकी एवं प्रशासनिक कर्मचारियों की संख्या एवं इस कार्य में वे कैसे शामिल होंगे। (फार्म 'जी' में)

8.6. निर्मिण संयंत्र एवं उपकरण

आवेदक को (फार्म 'एच' में उल्लिखित) निर्माण संयंत्र सहित शटरिंग, सेंट्रिंग तथा स्कैफोलडिंग इत्यादि उपकरण जो काम करने के लिए प्रयुक्त होने वाले हैं, उपकरण की सूची देनी चाहिए। किसी अन्य संयंत्र तथा कार्य के लिए आवश्यक उपकरण का विवरण भी (जो प्रपत्र 'जी' में शामिल न हो तथा आवेदक के पास उपलब्ध हो) दर्शाया जा सकती है।

8.7. अंतरण पत्र (आवरण पत्र)

बोलीकर्ता को, पूर्व सुपात्रता दस्तावेज के अनुसार बोलीकर्ता के पत्र शीर्ष पर ट्रांसमीटल पत्र की स्कैन्ड प्रति अपलोड करनी चाहिए।

8.8 स्थल निरीक्षण के साथ बोली-पूर्व बैठक :

I. प्रकाशित दिनांक, समय एवं स्थानपर बोली पूर्व बैठक का आयोजन होगा। जिन बोलीकर्ताओं ने बोली दस्तावेज डाउनलोड किए हैं उन सभी से अनुरोध किया जाता है कि वे समग्र निविदा दस्तावेज को निविदा विनिर्देशों को ध्यानपूर्वक देख लें तथा उनमें हुए परिवर्तन, गोचर अस्पष्टता, अतिरिक्त स्पष्टीकरण की आवश्यकता इत्यादि की सूची तैयार करके निविदा सूचना में इंगित "बोली पूर्व प्रश्नों की प्राप्ति की आखरी तारीख"से पहले ई मेल (ई मेल पते के लिए टिप्पणी 5 का संदर्भ लें) द्वारा उन्हे भेज दें। बोली पूर्व बैठक के दौरान निविदा आरेख देखने के लिए रखे जाएंगे। बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे बोलीपूर्व बैठक में अपने प्रतिनिधियों को अवश्य भेजें (हांलाकि यह अज्ञापनक नहीं है)। इस बोली-पूर्व बैठक कार्यवृत्त बोलीकर्ताओं हेतु उपयुक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा ताकि वे इसे डाउनलोड कर सकें, यह निविदा

दस्तावेज का एक भाग होगा । यह माना जाएगा कि निविदा प्रस्तुत करने वाले सभी बोलीकर्ताओं (चाहे उन्होने बोली पूर्व-बैठक में भाग लिया हो अथवा नहीं) को बिना किसी परिवर्तन के कार्यवृत्त स्वीकार करना होगा ।

II. इच्छुक बोलीकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले स्थल और इसके चारों की स्थितियों का निरीक्षण एवं परीक्षण कर लें तथा अपने आप को अग्रलिखित हेतु संतुष्ट कर लें जैसे : भूमि एवं उप-मृदा की प्रकृति (जहाँ तक संभव हो), स्थलका प्रकार एवं प्रकृति,स्थल तक पहुचने के साधन, आवास जिसकी उन्हें आवश्यकता हो सकतीहै तथा प्राय: हो सकनेवाले खतरों के बारे में आवश्यकजानकारी, आकस्मिकताओं और अन्य परिस्थितियों की जानकारी जिसका प्रभाव उनकी बोली पर पड सकता हो । इच्छुक बोलीकर्ता एनआईटी में उपलब्ध कराए गए टेलीफोननंबरों पर निविदा आमंत्रण प्राधिकारी से संपर्क कर सकते हैं । बोलीकर्ता के पास स्थल की समग्र जानकारी होनी चाहिए चाहे उसने स्थल का निरीक्षण किया हो अथवा नहीं और किसी भी नासमझी हेतु अथवा अन्यथाकोई भी अतिरिक्त प्रभार लगाने की अनुमति नहीं होगी । कार्य के निष्पादन हेतु सभी समग्रियों, उपकरणों एवं कामगारों हेतु संयंत्रों, सुविधाओं तथा अन्य सेवाओं का प्रबंध एवं अनुरक्षण अपने मूल्य पर करना बोलीकर्ता का दायित्व होगा, जब तक कि निविदा दस्तावेजों में विशेष रूप से उन्हें उपलब्ध करानेकी बात न हो । बोलीकर्ता द्वारा बोली के प्रस्तुतीकरण के बाद यह माना जाएगा कि उन्होंने इस सूचना को और संबंधित सभी अन्य दस्तावेजों को पढ़ लिया है तथा उन्हें कार्य के स्वरूप की एवं किए जाने वाले कार्य और शर्तों एवं दरों, उपकरण एवं संयंत्र इत्यादि जो उन्हें सरकार द्वारा जारी किए गए हैं, पूरी जानकारी है इसकेसाथ-साथ कार्यनिष्पादन हेतु स्थानीय परिस्थितियों एवं अन्य घटकों से भी वे परिचित हैं ।

III. यदि आवश्यक हुआ तो भाग-क खोलने से पहले अनेक बोली पूर्व बैठकों का आयोजन किया जा सकता है । बोली की तारीख एवं समय बोलीकर्ताओं को अधिसूचित कर दिया जाएगा । यदि भापअ केंद्र सक्षम प्राधिकारियों द्वारा तकनीकी विनिर्देश एवं बोली को संशोधित करने का निर्णय लिया जाता है तो संशोधित वित्तीय बोली आमंत्रण हेतु भापअ केंद्र द्वारा संशोधित दस्तावेज अपलोड किए जाएगें और बोलीकर्ताओं को अधिसूचित तारीख एवं समय के भीतर संशोधित वित्तीय बोली अपलोड करनी होगी ।यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा बोली में कोई संशोधन नहीं किया जाता तो बोली-पूर्व बैठक का केवलकार्यवृत्त ही अपलोड किया जाएगा ।बैठक को में कार्यवृत्त भी निविदा का एक भाग होंगे । मूल/संशोधित भाग-ख (वित्तीय) खुलने की तारीख यथा लागू भाग-क अर्हक बोलीकर्ताओंको सूचित की जाएगी ।

8.9. पूर्व अर्हता मूल्यांकन परिणाम की सूचना

(ए) अर्हता प्राप्त बोलीकर्ता को अनुलग्नक-1 में दर्शाई गई निर्दिष्ट तारीख के अंदर सूचित किया जाएगा ।

(बी) उन बोलीकर्ताओं को जिनकी पूर्व अर्हता बोली योग्य नहीं पाई जाएगी, उन्हें भी सूचित किया जाएगा ।

8.10 वित्तीय बोली ख) खोलना-(भाग

भाग 1-क ख) को अनुलग्न-य बोली (भाग बोलीकर्ता की वित्तीक योग्य-में दर्शाई गई निर्दिष्ट तारीखऔर समय पर केवल ऑनलाइन खोला जाएगा ।

8.11 कार्य आदेश जारी करना

सक्षम प्राधिकारी द्वारा सफल बोलीकर्ता को कार्य आदेश जारी करने से पहले वित्तीय बोली कामूल्यांकन और अनुमोदन किया जाएगा । कार्य आदेश जारी करने की अनंतिम तारीख को अनुलग्नक 1-में दर्शाया गया है ।

8.12 **असफल बोलीकर्ताओं को बयाना राशि जमा (ईएमडी) वापस करना ।**

बोलीकर्ता की बयाना जमा राशि असफल, कार्य आदेश जारी करने के बाद तथा अनुलग्नक 1-में दर्शाई गई अनंतिम तारीख से पहले वापस कर दी जाएगी ।

8.13 सक्षम प्राधिकारी द्वारा निविदा रद्द करना ।

सक्षम प्राधिकारी के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वे किसी या सभी निविदाओं को रद्दकर दे अथवा इस विभाग के दायित्व दिए वगैर या कोई कारण बिना बताएं विभिन्न एजेंसियों को कई काम बांट दे ।

8.14 सामान्य

ए. पात्र वर्ग के लिए पूर्व योग्यता हेतु बाद के अनुच्छेदों में अंतरण पत्र और प्रपत्र दिए गए हैं ।

बी. संलग्न प्रपत्रों में मांगी गई सभी सूचना प्रपत्रों में संबंधित कॉलमों में दी जानी चाहिए। यदि कॉलम में कोई सूचना प्रदान नहीं की गई है तो “शून्य” अथवा “ऐसा कोई मामला नहीं” यह प्रविष्टि उस कॉलम में लेनी चाहिए। यदि आवेदक के मामले में ब्योरा/प्रश्न लागू नहीं होता, है “लागू नहीं” कहा जाना चाहिए । आवेदक कृपया यह नोट करें कि आवेदन प्रपत्रों में मांगी गई अपूर्ण/अस्पष्ट सूचना देना निर्धारित प्रपत्रों में कोई परिवर्तन करना, किसी सूचना को जानबूझकर छुपाने का परिणाम आवेदक की अयोग्यता होगी । देरी से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा । टेलेक्स/टेलीग्राम द्वारा किए गए आवेदन पर भी विचार नहीं किया जाएगा ।

सी. संबंधित ग्राहकों (क्लायेंट) से आवेदक की उपयुक्तता, तकनीकी ज्ञान अथवा क्षमता को प्रमाणित करने वाले संदर्भ, सूचना तथा प्रमाणपत्र अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए जो कार्यकारी इंजीनियर या समतुल्य पद से नीचे न हो ।

डी. बोलीकर्ता कोई भी अतिरिक्त सूचना दे सकता है, जिसके बारे में उसे लगता है कि उसकी क्षमताओं को सिद्ध करने के लिए आवश्यक है ओर वह सौंपे गए कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर सकता है । यद्यपि उनको यह सलाह दी जाती है कि वह अनावश्यक सूचना न दे । पूर्व योग्यता दस्तावेज की प्रस्तुति के बाद किसी भी सूचना पर विचार नहीं किया जाएगा जब तक यह नियोक्त द्वार मांगी न गई हो ।

ई. आवेदक द्वारा दी गई कोई सूचना यदि तुरंत या बाद में गलत पाई जाती है; तो उसे इस विभाग में निविदा करने/काम लेने से रोक दिया जाएगा ।

एफ. भावी आवेदक प्रोजेक्ट आवश्यकताओं संबंधी स्पष्टीकरण एवं पूर्व सुपात्रता दस्तावेज हेतु अनुरोध कर सकते हैं। नियोक्ता द्वारा दिए गए सभी स्पष्टीकरण उन सभी एजेंसियों को भेजे जाएंगे जिन्होंनें पूर्व सुपात्रता दस्तावेज खरीदा है ।

जी. गोपनीयता खंड

i) **गोपनीयता**

सामान्य रूप से कोई भी पार्टी इस ठेके के अधीन मामलों से संबंधित कोई सूचना किसी तीसरी पार्टी को नहीं देगी । विशेष रूप से, कोई भी सूचना जो डिस्क्लोजिंग पार्टी द्वारा मालिकाना स्वरूप में समझी गयी है; वह प्राप्त करने वाली पार्टी द्वारा पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी तथा ओरिजिनल डिस्क्लोजिंग पार्टी की पूर्व लिखित सहमति के बिना तीसरी पार्टी को यह बताई नहीं जाएगी। यह खंड उप ठेकेदारों, परामर्शदाताओं, सलाहकारों अथवा पार्टी द्वारा रखे गए कर्मचारियों के लिए समान रूप से लागू होगा।

ii) परमाणु ऊर्जा अधिनियम के 1962 की धारा 18 के अधीन “प्रतिबंधित सूचना” तथा कार्यालयीन गुप्त बातों के संबंध में अधिनियम 1923 की धारा 5 के अधीन “कार्यालय के गोपनीय तथ्य”:
किसी ठेकेदार, उप ठेकेदार, परामर्शदाता, सलाहकार या ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा ऊपर उल्लिखित विधान का उल्लंघन करने पर, उपरोक्त दंडात्मक कार्रवाई के पात्र होंगे ।

iii)प्रचार के उद्देश्य से बिना अनुमति के भापअ केंद्र के नाम के प्रयोग पर निषेध ठेकेदार या उप ठेकेदार; परामर्शदाता, सलाहकार अथवा ठेकेदार द्वारा नियुक्त कर्मचारीगण प्रचार उद्देश्य से किसी भी सार्वजनिक मीडिया जैसे प्रेस, रेडियो, टीवी या इंटरनेट पर भापअ केंद्र के पूर्व लिखित अनुमोदन के बिना भापअकेंद्र के नाम का प्रयोग नहीं करेंगे।

एच. सुरक्षा जांच के फलस्वरूप ठेकदार/कंपनी/फर्म/प्रोपराइटर एवं/अथवा/उनके ठेके के कार्मिकों के विरुद्ध कोई भी प्रतिकूल चार्टर एवं पूर्ववर्ती अभ्युक्ति/अधिसूचना प्राप्त होने के मामले में, भापअ केंद्र के पास बिना कोई कारण बताए/स्पष्टीकरण मांगे बिना तुरंत ठेका समाप्त करने के अधिकार सुरक्षित हैं ।। भापअ केंद्र द्वारा की गई उपर्युक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप ठेकेदार को होने वाली क्षति/उनके दायित्व के लिए किसी भी परिस्थिति के तहत ठेकेदार कोई दावा करने का अधिकार नहीं है । ठेकेदार की ओर से पऊवि/भापअ केंद्र द्वारा समय-समय पर दिए गए सुरक्षा निदेशों का पालन न किए जाने पर,भापअ केंद्र के पास सरकार के पास जमा कार्यनिष्पादन प्रतिभूति का भाग/समग्र और/अथवा प्रतिभूति जमा पूर्ण रूप से जब्त करने के अधिकार भी सुरक्षित हैं ।

आई) भापअ केंद्र के ठेके की सामान्य शर्तों, निविदाकारों को विशेष निदेश, विनिर्देश, आरेख, मात्राओं की अनुसूची आदि के अनुसार कार्य का निष्पादन किया जाएगा जो निविदा दस्तावेजों में संलग्न किया जाएगा ।

जे) आवेदन की पद्धति :

i) यदि बोलीकर्ता केवल एक ही व्यक्ति है, तो वह अपने पूरे नाम और वर्तमान पते के ऊपर हस्ताक्षर करेगा।

ii) यदि बोलीकर्ता , प्रोपराईटरी फर्म के रूप में है, तो पत्र पर अपना पूरा नाम, फर्म का
पूरा नाम तथा वर्तमान पते के ऊपर प्रोपराईटर के रूप में हस्ताक्षर करेगा ।

iii) यदि बोलीकर्ता के रूप में फर्म पार्टनरशिप में है तो फर्म के सभी भागीदार अपने पूरे नाम तथा वर्तमान पते के ऊपर हस्ताक्षर करेंगे अथवा फर्म के लिए मुख्तारनामा धारण करने वालेभागीदार को वैकल्पिक रूप से हस्ताक्षर करना होगा और ऐसे मामले में, आवेदन के साथ मुख्तारनामा (पावर ऑफ अटार्नी) की प्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी। दोनो मामलों में भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति तथा फर्म के सभी भागीदारों के वर्तमान पते आवेदन पत्र के साथ संलग्न होने चाहिए ।

iv) यदि बोलीकर्ता लिमिटेड कंपनी अथवा निगम है, आवेदन पत्र पर मुख्तारनामा धारण करने वाले विधिवत प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा। हस्ताक्षर करने के लिए आवेदन पत्र के साथ मुख्तारनामा की प्रति संलग्न करनी होगी। आवेदक पब्लिक नोटरी द्वारा विधिवत साक्ष्यांकित संस्था अंतर्नियम ज्ञापन (आर्टिकिल ऑफ असोसिएशन) की प्रति देगा।

8.15 अंतिम निर्णय लेने वाला प्राधिकारी

नियोक्ता को यह अधिकार है कि वह किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करे तथा पूर्व सुपात्रता प्रक्रिया को रद्द करे तथा किसी भी समय बिना कोई कारण बताए अथवा आवेदक को कोई दायित्व दिए बगैर सभी आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दे ।

8.16. कार्य का विवरण अनंतिम है

कार्य के दिए गए विवरण अनंतिम है। इसमें परिवर्तन हो सकते हैं तथा यह प्रस्तावित कार्य के लिए पूर्व सुपात्रता हेतु आवेदन करने के लिए आवेदक की सहायता के लिए है तथा इसे मात्र अग्रिम सूचना माना जाएगा ।

9. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में लागू सुरक्षा प्रक्रिया के अनुसार, कार्य शुरू करने से पहले भापअ केंद्र के सुरक्षा अनुभाग द्वारा ठेकेदारों की जांच की जाएगी ।

10. निविदा के भाग 'क' के खुलने के बाद निविदा में किसी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी|

11. किसी शर्त या सशर्त छूट वाली निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। फिर भी जिन निविदाओं में बिना किसी शर्त के छूट दी गई हो उन्हें स्वीकार किया जाएगा ।

12. यदि आवेदक द्वारा दी गई कोई भी सूचना बाद में गलत पाई जाती है तो उन्हें भापअ केंद्र में भविष्य में हमेशा के लिए निविदाकरण/कोई भी कार्य करने से रोक दिया जाएगा । यदि कार्य शुरू करने से पहले भी किसी भी उल्लंघन की सूचना, विभाग को प्राप्त होती है तो प्रभारी अभियंता ईएमडी/निष्पादन गारंटी को पूर्ण रूप से जब्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे ।

13. कार्य को पूरा करने की अवधि की गणना कार्य शुरू करने के लिए या लिखित आदेश मिलने के 15 वें दिन से अथवा स्थल सौपनें के पहले दिन से निविदा दस्तावेजों में यथा उल्लिखित, यदि कोई हो, चरणबद्ध तरीके के अनुसार जो बाद में हो, होगी ।

14. निविदा को निविदा के ऑन लाइन प्रस्तुतीकरण के बंद होने की आखरी तारीख से **180 (एक सौ अस्सी)** दिनों तक वैध रखा जाएगा ।

15. यदि निविदा प्रक्रिया शुल्क, ईएमडी के लिए मूल दस्तावेज प्राप्त करने की तथा निविदा खुलने की अंतिम तारीख को छुट्टी घोषित की जाती है तो उक्त तारीख को तदनुसार आगे के कार्य दिवस तक स्थगित माना जाएगा ।

16. उल्लिखित स्थान, तारीख एवं समय पर बयाना राशि जमा जैसा कि लागू है, के लिए किसी अनुसूचित बैंक का मूल डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/भुगतान आदेश/फिक्स डिपॉजिट रसीद/बैंक गारंटी और निविदा प्रक्रिया शुल्क हेतु इलेक्ट्रानिक विधि द्वारा किए गए ई-भुगतान की रसीद जमा करनी होगी नहीं तो निविदाओं को रद्द कर दिया जाएगा और आगे की कार्यवाही नहीं की जाएगी ।

17. **बयाना राशि जमा के लिए चैक स्वीकार नहीं किया जाएगा ।**

18. ठेकेदार, जिसकी निविदा स्वीकृत की गयी है**,** द्वारा उनके ठेके की विधिवत पूर्ति हेतु प्रतिभूति जमा के रूप में कार्य के निविदा मूल्य के **5%** की राशि प्रस्तुत करने की आवश्यकता है । इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने से पहले ठेके के निवेदित मूल्य के **5%** की समतुल्य राशि को निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा जो कार्य के प्रारंभ करने की निर्धारित तारीख के बाद नहीं किया जा सकता है । **5%** की निष्पादन प्रतिभूति को बैंक गारंटी (यदि निष्पादन प्रतिभूति रु. 1.00 लाख से अधिक हो तो), अनुसूचित बैंक की आवधिक जमा पावती या सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी ।

19. प्रतिभूति जमा, ठेकेदारों की चालू बिल की सकल राशि से 2.5% की दर से कटौती द्वारा तब तक वसूली जाएगी जब तक यह राशि कार्य के निवेदित मूल्य का 2.5% न हो जाए । प्रतिभूति जमा, सरकारी प्रतिभूतियां, अनुसूचित बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक की आवधिक जमा पावतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी । इन्हें **लेखा अधिकारी, भापअ केंद्र, मुंबई** के नाम पृष्ठांकित किया जाएगा । कार्य निष्पादन प्रतिभूति जमा प्राप्त होने पर सफल बोलीकर्ता की बयाना राशि लौटा दी जाएगी अथवा वापस कर दी जाएगी, तथापि यदि कार्य निष्पादन प्रतिभूति जमा, बैंक गारंटी के रूप में है तो बयाना राशि तभी लौटाई जाएगी जब गारंटी जारीकर्ता बैंक द्वारा इसके सत्यान की पुष्टि हो जाती है ।

20. यदि सफल निविदाकार कार्य प्रारंभ करने की अनुबंधित तारीख को या उससे पहले निर्धारित निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो विभाग (भापअ केंद्र) किसी अन्य अधिकार या उपाय पर बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के, उक्त बयाना राशि को पूर्ण रूप से जब्त कर सकते हैं ।

21. निविदा की स्वीकृति विभाग के पास सुरक्षित है जो सबसे कम मूल्य की निविदा को स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं है एवं इसके पास किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार है। वे सभी निविदाएं, जिनमें निर्धारित शर्तें पूरी न की गयी हों अथवा जो किसी भी दृष्टि से अपूर्ण होंगी उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

22. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश करना सख्त मना है, जो ठेकेदार सिफ़ारिश करेगा उसकी निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी ।

23. निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के नामों की सूचना प्रभारी अभियंता को दे दी जाए, जो प्रभारी अभियंता से निर्देश लेने के लिये जिम्मेदार होंगे ।

24. विभाग समस्त निविदा अथवा निविदा के किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं निविदाकार अपने द्वारा दी गयी दर पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं ।

25. **ठेकेदार द्वारा भुगतान किये जानेवाले उदग्रहण/कर :**

i) ठेकेदार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए और कार्य के विषय पर विस्तृत आदेश के अनुसार यथा लागू जीएसटी का भुगतान संबंधित कर प्राधिकारियों को ठेकेदार द्वारा किया जाएगा ।

ii) कोट की गई दरों में जीएसटी/अन्यज कर शामिल होंगे और इनका भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाएगा तथा इस संबंध में किए गए किसी भी दावे पर भापअ केंद्र द्वारा विचार नहीं किया जाएगा । इस ठेके के संबंध में ठेकेदार द्वारा प्रापण की गई वस्तुओं के संबंध में लागू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अथवा अन्य करों का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाएगा और इस संबंध में किए गए किसी भी दावे पर सरकार विचार नहीं करेगी । तथापि, ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवा (सीजीएसटी अधिनियम, 2017 में यथा उपलब्ध) की आपूर्ति के समय जीएसटी के घटकों का सत्यापन किया जाएगा यदि इसमें निविदा के विस्तार सहित प्राप्ति की आखरी तारीख पर उपयोज्य (लागू) से कोई अंतर पाया जाता है, तो ।

iii) ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल से किए गए कार्य के सकल मूल्या के @1% की दर पर श्रमकल्याण उपकर वसूल किया जाएगा ।

iv) ठेकेदार को भुगतान किए गए प्रत्येक बिल में से यथालागू आयकर एवं उप कर काटे जाएंगे ।

v) ठेकेदार को ईपीएफ और ईएसआईसी के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए तथा आदेशानुसार ठेकेदार कामगारों के ईपीएफ एवं ईएसआईसी भुगतान संबंधित विभाग को करेगा और जब विभाग इस बात से संतुष्ट हो जाए कि इसका भुगतान वास्तकव में और सही रूप से कर दिया गया है तो विभाग ठेकेदार को इसकी प्रतिपूर्ति कर देगा ।

vi) सरकारी निदेशों के अनुसार समय-समय पर ठेकेदारों को भुगतान किए जाने वाले प्रत्येनक बिल में से कोई अन्यस कर/उपकर की कटौती, की जाएगी ।

26. यदि कोई निविदाकार वैधता की अवधि से पहले निविदा वापस लेता है अथवा निविदा की निबंधनों और शर्तों में ऐसे संशोधन करता है जो कि विभाग को मान्य न हो तो सरकार अन्य किसी अधिकार या उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना संपूर्ण

बयाना राशि की 50% (पचास प्रतिशत) धनराशि को ज़ब्त करने के लिए स्वतंत्र होगी। इसके अतिरिक्त, निविदाकार को कार्य की पुन: निविदाकरण प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, निविदाकार को पुन: निविदाकरण प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

27. सफल निविदाकार को कार्य सौंपने के पश्चात, ठेकेदार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समय सारणी एवं नकदी प्रवाह विवरण प्रस्तुत करेगा जो करार का एक भाग होगा।

28. **जिन सफल निविदाकारों की निविदा स्वीकार की गई है उन्हें बीएआरसी के अंदर काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ताओं जैसे: इंजीनियरों, पर्यवेक्षकों एवं मज़दूरों के लिए अपने खर्चे पर पुलिस की विशिष्ट शाखा द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीवीसी) प्राप्त करना आवश्यक होगा और जिसे तद्नुसार ही कोट किया जाए। पीवीसी तीन वर्ष के लिए वैध रहेगा।**

यदि सुरक्षा जांच के परिणाम स्वरूप ठेकेदार/कंपनी/फर्म/मालिक और/अथवा उनके ठेके के कार्मिक के विरुद्ध कोई प्रतिकूल चार्टर और पूर्ववर्ती अभ्युक्तियां/ अधिसूचना प्राप्त होती है तो कोई कारण बताए बिना/कारण बताओ नोटिस दिए बिना ठेकेदार की सेवाएं
तुरंत समाप्त करने का अधिकार भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास सुरक्षित हैं। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा उक्त कार्रवाई के फलस्वरूप परिस्थितियों के तहत किसी नुकसान/ दायित्व हेतु दावे का अधिकार ठेकेदार के पास नहीं होगा। समय-समय पर पऊवि/भापअ केंद्र द्वारा जारी सुरक्षा अनुदेशों के पालन/अनुसरण में ठेकेदार की ओर से होनेवाली असफलता हेतु सरकार के अधिकार में मौजूद कार्यनिष्पादन सुरक्षा और/अथवा
सुरक्षा जमा का कुछ भाग/पूर्ण भाग जब्त करने का अधिकार भी भापअ केंद्र के पास सुरक्षित है।

अनुदेश :

29. ठेकेदार www.tenderwizard.com/DAE के साथ पंजीकृत होना चाहिए। जो ठेकेदार ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर पंजीकृत नहीं होंगे, उन्हें पंजीकृत होने की आवश्यकता
है। यदि आवश्यक हो, वेबसाइट पर उपलब्ध ब्योरे के अनुसार, उन्हें ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

30. इच्छुक बोलीकर्ता के पास निविदा दस्तावेज खरीदने/डाउनलोड करने (एक्सेल/वर्ड फार्मेट) के लिए वैध क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर होना चाहिए।

31. यथा विनिर्दिष्ट बयाना राशि जमा एवं अन्य दस्तावेजों के लिए अनुसूचित बैंक की सावधि जमा रसीद एवं बैंक गारंटी का विवरण प्रदान करने के बाद ही बोली प्रस्तुत/अपलोड की जा सकती है।

32. उपरोक्त उल्लिखित समय तथा तारीख तक निविदाएं प्राप्त हो जाएगी। उपरोक्त उल्लिखित समय एवं तारीख पर भाग 'क' (तकनीकी बोली) खोला जाएगा। सर्वप्रथम निविदा दस्तावेजों का मूल्य, निविदा प्रक्रिया शुल्क की रसीद एवं ईएमडी की जांच की जाएगी। यदि इन्हे सही पाया गया तो भाग 'क' खोला जाएगा। भाग 'क' खोलने के पश्चात, मूल्यांकन के लिए ठेकेदारके जारी/पूर्ण किए गए कार्य क्षेत्र एवं कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा और उनके दस्तावेजों से संबंधित तकनीकी वाणिज्यिक बोली का मूल्यांकन किया जाएगा और तदनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निविदाकारों को योग्य/अयोग्य घोषित किया जाएगा। तब योग्यता प्राप्त सफल निविदाकारों की निविदा का भाग 'ख' (वित्तीय बोली) को अधिसूचित तारीख एवं समय पर खोला जाएगा। भाग 'ख' (वित्तीय बोली) खुलने की तारीख की सूचना सभी बोलीकर्ताओं को ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी।

33. निविदा खुलने की तारीख के दिन, ठेकेदार लॉग इन करके बोली खुलने के बाद उसकी स्थिति देख सकते हैं ।

34. ठेकेदार प्रत्येक मद की दर कोट करना सुनिश्चित करें । अंकों में दर कोट करने वाला कॉलम **पीले रंग** का है तथा जैसे ही दर की प्रविष्टि हो जाती है, यह **आसमानी नीला** रंग में बदल जाएगा । इसके अतिरिक्त, कोई भी सेल चुनते (सिलेक्ट) समय एक चेतावनी दिखाई देगी कि यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है तो उसे "0"(शून्य) समझा जाएगा । इसलिए यदि कोई सेल खालीछोड़ा जाता है और बोलीकर्ता कोई दर कोट नहीं करता है तो उस मद की दर "0" (शून्य) समझी जाएगी ।

35. मूल प्रति से स्कैन किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची जिन्हें बोलीकर्ता द्वारा बोली प्रस्तुतीकरण की अवधि के भीतर अपलोड करना है :-

(i)	अंतरण पत्र	
(ii)	सीए द्वारा दी गई वित्तीय कारोबार की प्रमाणित प्रति ।	
(iii)	सीए द्वारा दी गई लाभ एवं हानि विवरण की प्रमाणित प्रति ।	
(iv)	नवीनतम बैंक ऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र।	
(v)	निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी की सूची ।	
(vi)	तकनीकी कर्मचारियों की सूची ।	
(vii)	प्रमाणपत्र :	
	ए)	पंजीयन प्रमाणपत्र, यदि कोई हो तो ।
	बी)	कार्य अनुभव प्रमाणपत्र/निष्पादन प्रमाणपत्र ।
	सी)	बिक्री कर/वैट/डब्ल्यू सीटी के लिए पंजीयन प्रमाणपत्र ।
	डी)	टिन पंजीयन प्रमाणपत्र।
	ई)	पैन (स्थायी खाता संख्या) पंजीयन
viii	प्रपत्र-ई - प्रपत्र 'सी' एवं 'डी' में संदर्भित कार्यों की कार्य निष्पादन रिपोर्ट ।	
ix	पैरा 2 में यथा उल्लिखित शपथ पत्र	
x	**ईएमडी के लिए** किसी अनुसूचित बैंक का एफडीआर/डिमांड ड्राफ्ट/पीओ/बीसी हो ।	
xi	**ईएमडी** के लिए किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी, यदि कोई है ।	
xii	यह वचन (अंडरटेकिंग) कि इसी प्रकार का कार्य बैक टू बैक आधार पर दूसरे ठेकेदार के माध्यम से निष्पादित नहीं कराया गया है ।	
xiii	भाग क: खंड II तथा ठेके की सामान्य शर्तों केखंड (क्लाउज) 11 के अनुसार वचन (अंडरटेकिंग)।	

टिप्पणी : तकनीकी एवं पीक्यू मूल्यांकन के दौरान यदि कोई दस्तावेज नहीं पाया जाता है तो निरीक्षण समिति उसे प्रस्तुत करने के लिए कह सकती है ।

36. **बोलीकर्ता को निम्नलिखित भरना है:**

क) भाग 'क' (तकनीकी – वाणिज्यिक बोली सह पूर्व सुपात्रता बोली) ।

ख) भाग 'ख ' - अनुसूची-'ख '(वित्तीय बोली)

टिप्पणी:

1.	पंजीकृत ठेकेदार ही आवश्यक शुल्क का भुगतान करने के बाद निविदा खरीद/डाउनलोड एवं प्रस्तुत/अपलोड कर सकते हैं ।	
2.	इच्छुक एजेंसियां पंजीकरण हेतु www.tenderwizard.com/DAE वेबसाइट देख सकते हैं ।	
3.	किसी प्रकार की सहायता/स्पष्टीकरण के लिए **(022) 25591244** पर संपर्क करें । फैक्स : (022)**25505185**	
4.	ई निविदाकरण में पंजीयन एवं सहभागिता हेतु सहायता के लिए निम्न व्यक्तियों से संपर्क करें :	
	ए.	श्री स्देश : मोबाइल नं.: **09969395522** अथवा ईमेल : **twhelpdesk 231@gmail.com**
	बी.	श्री मृत्युंजय महापात्रा : **09969313423** ईमेल: **twhelpdesk704@gmail.com**
	सी.	टेंडर विज़र्ड हेल्पडेस्क - **080 4048200** (सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक – सोमवार से शनिवार)
	डी.	**Tenderwizard.com/पऊवि के संपर्क बटन के तहत**
5.	स्थल दौरा/स्पष्टीकरण हेतु अनुरोध भेजने हेतु अनुरोध पूर्वबोली बैठक में उपस्थित होने के बोलीकर्ता को व्यक्ति का पूर्ण विवरण भेजना होगा : To jnsarwar@barc.gov.in	
6.	**यदि एनआईटी के अंग्रेजी एवं हिंदी पाठ के बीच कोई अंतर हो तो अंग्रेजी पाठ को सही माना जाए ।**	

(जे.एस. यादव)

अध्यक्ष, एफआरडी

नाभिकीय पुन:चक्रण वर्ग

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से

अनुलग्नक-1

कार्य का नाम: ट्रांबे स्थित भापअ केंद्र के एनआरजी के एफआरडी में एजिटेटेड नट्स्च फिल्टर का अभिकल्पन, स्थापन, परीक्षण एवं कमीशनन।

निविदा सूचना सं. फआरडी/टीएसएस/एदियू/ 181784 दिनांक : **26/09/2019**

निविदा संबंधी गतिविधियों की नियत तारीखें

क्र.सं.	**निविदा संबंधी गतिविधियों का विवरण**	**तारीख और समय**	
		से	तक
1	निविदा दस्ताठवेज को खरीदने/ डाउनलोड अनुरोध	03/10/2019 (10:00 बजे)	17/10/2019 (15:00 बजे)
2	बोलीपूर्व बैठक में स्पष्टीकरण हेतु बोलीकर्ता द्वारा पूर्व बोली शंकाओं के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख	22/10/2019 इमेल द्वारा	
3	बोलीपूर्व बैठक	24/10/2019 (11:00 बजे)	
4	बोली पूर्व शंकाओं के स्पष्टीकरण	28/10/2019 (निविदा पोर्टल पर MOM के माध्यम से अपलोड किया गया)	
5	निविदाओं को ऑन लाइन जमा करने की अंतिम तारीख और समय	31/10/2019 (14:00 बजे तक)	
6	निविदा प्रक्रिया शुल्य एवं ईएमडी के मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख	05/11/2019 (15:00 बजे तक)	
7	पूर्व सुपात्रता बोली एवं तकनीकी बोली(भाग 'क') निविदा को ऑनलाइन खोलना	06/11/2019 (11:30 बजे)	
8	तकनीकी रूप से अर्हता बोलियों हेतु सूचना	~ भाग 'क' खोलने के 20 दिन बाद	
9	वित्तीस बोली खोलना (भाग ख) *	~ भाग 'क' खोलने के 30 दिन बाद	
10	कार्य आदेश जारी करना *	~ भाग 'क' खोलने के 60 दिन बाद	

नोट . : 1 . यदि किसी तारीख को भापअ केंद्र में छुट्टी होती है तो इस कार्य के लिए अगले कार्य दिवस पर विचार किया जाएगा ।

नोट * : 2 यह सूचित करता है कि तारीखें अस्थायी हैं। निविदा गतिविधियों के दौरान इसकी पुष्टि की जाएगी ।

****